तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 5 सितम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


2 ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति और उल्लास के साथ मना करमा पर्व




आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर


## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने केदमा स्वास्थ्य केंद्र आरएमए को किया सस्पेंड

**केदमा।** केदमा क्षेत्र में गुरुवार को कलेक्टर का दौरा हुआ और उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में आरएमए सुधीर सिंह को उनकी लापरवाही बरतने पर सस्पेंड कर दिया। वहीं बृजेश चतुर्वेदी ने कलेक्टर से हॉस्पिटल के लिए एम्बुलेंस की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने कहा की एक महीने के अंदर केदमा में एम्बुलेंस की सुविधा शुरू हो जाएगी। वार्ड पंच दीनानाथ यादव ने एमबीबीएस डॉक्टर की मांग की जिस पर जानकारी निकलकर आई की की केदमा में एक डॉक्टर पदस्थ है जिसे बीएमओ द्वारा उदयपुर अटैच किया गया है। कलेक्टर ने कहा की शाम तक केदमा ज्वाइन करा दिया जाएगा। कलेक्टर ने अतिरिक्त कक्ष और शेड निर्माण का भी जायजा लिया और कहा की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान सभी विभागों के जिला अधिकारी एवं ब्लॉक अधिकारी उपस्थित रहे।

### दो भालुओं के हमले से गंभीर वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**सोनगरा।** गांव के समीप जंगल में सुखडी उठाने के दौरान दो भालुओं के हमले से गंभीर हुए वृद्ध की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बोझा कांस दोहर निवासी चमरू राम आ. मान साय कवंर (75 वर्ष) 26 अगस्त की सुबह लगभग 6 बजे गांव के समीप जंगल में खुखड़ी उठाने गया था। वृद्ध जंगल में खुखड़ी तलाश कर रहा था और जैसे ही झाड़ी के समीप पहुंचा तभी झाड़ी के पास मौजूद दो भालुओं ने वृद्ध पर हमला कर दिया। अचानक भालुओं के हमले से वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर गांव के लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंच घायल को किसी तरह भालुओं से बचाकर घर लेकर आए और घटना की सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल के परिजन को सहायता राशि उपलब्ध कराने के पश्चात घायल को अंबिकापुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बीती रात उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### गर्म पानी से झुलसे ठेकेदार की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** सिगड़ी में गर्म पानी हो उठाने के दौरान चक्कर आने तथा शरीर पर गिर जाने से गंभीर रूप से झुलसे ठेकेदार की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर थाना अंतर्गत ग्राम तोलगा निवासी रघुवंशी आ. बिरझू राम (47 वर्ष) चरचा कालरी में ठेकेदारी का काम करता था। बुधवार की सुबह सिगड़ी में पानी गर्म कर रहा था। पानी के गर्म हो जाने पर जब सिगड़ी से उतारने लगा तभी चक्कर आने से गिर गया जिससे गर्म पानी शरीर में गिरने से गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ठेकेदार की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# ढाई घंटे का पहाड़ी सफर तय कर शिक्षक पहुंचते हैं शिक्षा की अलख जगाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शिक्षक दिवस विशेष

आज जब दूरस्थ क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में शिक्षक जाना पसंद नहीं करते वहीं चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम तेलाइपाट में बेहद खतरनाक परिस्थितियों में शिक्षक पहाड़ी की ऊंची चढ़ान तक रोज पण्डो समुदाय के बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने पहुंचने हैं। स्कूल के शिक्षकों को स्कूल पहुंचने के लिए हर दिन पांच घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।

सूरजपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र का बेहद पिछड़ा गांव है तेलाईपाट। गांव में बबेहद पिछड़ी पण्डो समुदाय की आबादी 90 फीसदी से अधिक है। आम ग्रामीण जनजीवन एवं शहरी चकाचौंध से दूर समुदाय के सभी लोग पूरी तरह से प्रकृति पर निर्भर हैं तथा अत्यंत आवश्यक होने पर ही साप्ताहिक बाजार एवं आसपास के गांवों में पहुंचते हैं। पहाड़ी पर बसे इन गांव में न तो आवागमन की सुविधा है न ही नेटवर्क एवं लाइट की व्यवस्था। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ग्रामीणों को 50 किमी की दूरी तय कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिहारपुर जाना पड़ता है। आवागमन का साधन नहीं होने के कारण मरीजों के लिए खाट एवं झलगी का ही सहारा होता है। इन तमाम असुविधाओं के बावजूद गांव में शिक्षा की अलख जगाने के उद्देश्य से वर्षों से प्रायमरी एवं मिडिल स्कूल का संचालन किया जा रहा है। शासन द्वारा अब दोनों शालाओं का युक्तियुक्तकरण कर एक ही परिसर में संचालित किया जा रहा है। अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता नहीं होने के कारण विद्यालय में मात्र 19 बच्चे अध्ययनरत हैं तथा 6 शिक्षक पदस्थ हैं। गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण शिक्षक मैदानी क्षेत्र के गांवों में रहते हैं तथा सुबह 8 बजे ही स्कूल जाने के लिए घर से निकल जाते हैं। शिक्षक ढाई घंटे पैदल उबड़-खाबड़ पहाड़ी एवं नाला का सफर कर स्कूल पहुंचते हैं। इस सफर के दौरान कई बार शिक्षकों को विपरीत स्थितियों काभी सामना करना पड़ता है लेकिन शिक्षकों ने कभी हार नहीं मानी तथा नियमित स्कूल पुहंच कर पण्डो समुदाय के बच्चों में शिक्षा की अलख जगाते हैं। स्कूल में दो महिला शिक्षक अंचल सोनम खलखो एवं आकांक्षा कंवर भी पदस्थ हैं जो अपने साथियों की तरह रोज पर्वतारोहियों की तरह डंडे के सहारे पहाड़ का सफर तय कर स्कूल पहुंचती हैं तथा वापस घर लौटती हैं। पहाड़ी चढ़कर स्कूल पहुंचने एवं वापस घर लौटने के लिए शिक्षकों को हर दिन पांच घंटे का सफर करना पड़ता है।

## पण्डो जनजाति बाहुल्य ग्राम तेलाईपाट की पहाड़ी पर वर्षों से संचालित है स्कूल

### अतिरिक्त कक्ष में स्कूल

शासन द्वारा वर्ष 2008-09 में तैलाईपाट स्कूल भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी लेकिन डोर लेबल तक निर्माण होने के बाद काम बंद कर दिया गया। तब से स्कूल भवन का निर्माण अधूरा पड़ा है। विद्यालय का संचालन वर्षों से अतिरिक्त कक्ष में किया जा रहा है। अतिरिक्त कक्ष के एकमात्र कमरे में कक्षा पहली से सातवीं तक के बच्चे एक साथ पढ़ाई करते हैं।



### सराहनीय पहल

सभी को शिक्षित बनाना ही शिक्षक का दायित्व है। शिक्ष अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह निर्वाह कर रहे हैं, यह सराहनीय है।

**अजय मिश्रा**
डीईओ,सूरजपुर

### एक-एक सप्ताह लापता रहते हैं अभिभावक

शिक्षकों के अनुसार बच्चों के अभिभावक एक-एक सप्ताह तक घर नहीं लौटते तथा कंदमूल एवं शिकार की तलाश में जंगलों की खाक छानते रहते हैं। अभिभावकों की अनुपस्थिति में बच्चों पर ही घर एवं मवेशियों के देखरेख की जिम्मेदारी होती है। बच्चे सुबह होते ही मवेशियों को चराने जंगल निकल जाते हैं। बच्चों को स्कूल लाने के लिए शिक्षकों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।

## ग्राम धनेशपुर में पूरे दिन चला तलाशी अभियान

# लुत्ती डेम हादसा : दिन भर चला राहत कार्य एक और का मिला शव, दो अब भी लापता



बांध टूटने से पहले 27 अगस्त की खींची गई फोटो।

### मिला बालक का शव

गुरूवार को धनेशपुर से लगभग 1 किमी दूर अपने मवेशियों को चरा रहे ग्रामीणों ने कइया नाला में एक बच्चे का शव देखा तो ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने सुबह 8.30 बजे बालक शव बाहर निकाला। शव कार्तिक आ. गणेश उम्र 6 वर्ष का है। परिजन ने कार्तिक का दो महीने पूर्व ही कक्षा पहली में एडमिशन कराया था। गणेश के भाई सजीवन की कोई संतान नही थी। उसने अपनी बहन की बेटी अगिया को गोद लिया था। अगिया भी अपने भाई कार्तिक के साथ स्कूल जाती थी। गणेश की बेटी रंजती उम्र 3 वर्ष घर में मां के साथ रहती थी। मंगलवार बांध के पानी ने तीनों बच्चों की जिंदगी तबाह कर दी है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दो दिन पूर्व तक खुशहाल जीवन जी रहे ग्राम धनेशपुर में लुत्ती बांध बहने के बाद सन्नाटा पसर गया है। एक ही परिवार के तीन लापता ग्रामीणों में एक बालक शव गुरूवार सुबह एक किमी दूर कइया नाला से बरामद किया गया। लापता ग्रामीणों की तलाश में गुरूवार को पूरे दिन तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन दो ग्रामीणों का कोई सुराग नही मिल सका है।

**खास बात**

- सुबह कइया नाला में मिला बच्चे का शव
- लापता दो लोगों का नहीं मिल सका सुराग, ग्रामीण हुए मायूस

हरिभूमि फॉलोअप

ग्राम धनेशपुर में लगभग 40 घर हैं तथा गांव की आबादी 250 है। गांव में खैरवार एवं कोडाकू समुदाय के ग्रामीण निवासरत है। गांव के सभी लोग कृषि व मजदूरी पर निर्भर हैं। लुत्ती बांध पिछले 45 सालों से ग्रामीणों की समृद्धि का आधार था। सिंचाई के अभाव में पहले ग्रामीण वर्षा आधारित खेती करथे थे लेकिन बांध बनने के बाद ग्रामीण हर साल अपने खेतों में धान व गेंहू की खेती करते हैं। इसी बांध के पानी से पडोसी ग्राम बिश्रामनगर के किसान भी अपने खेतों ⏭ शेष पेज 4 पर



मंगलवार की रात डेम टूटने के बाद ड्रोन से ली गई भयावह तस्वीर।

### वर्ष 2007 के बाद से बगैर मरम्मत के था बांध

कई लोगों की जिंदगियां निगल लेने वाला लुत्ती बांध 45 वर्ष पुराना था। लगभग 80 हेक्टेयर में फैले इस बांध की मरम्मत का कार्य वर्ष 2007-08 में मनरेगा के तहत कराया गया था। 17 वर्षों से बांध मरम्मत को लेकर कई बार विभाग अपने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत करा चुका था। आवश्यक मरम्मत के लिए जरूरी रूपयों की मांग भी की गई किन्तु विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। बांध टूटने को लेकर कई तरह की बाते सामने आ रही हैं। कुछ ग्रामीणों ने तो कहा कि बांध में रिसाव पिछले एक-डेढ़ सालों से हो रहा था। वहीं विभाग ने बांध टूटने के 6 दिन पहले यानि 27 अगस्त को दोपहर लगभग 12.38 बजे की खींची गई फोटो जारी कर बताया कि बांध पूरी तरह से दुरूस्थ था और उसका एक केनाल चालू भी था। बांध टूटने के पीछे बड़ा और एकमात्र कारण था, भारी बारिश और रामचौरा पहाड़ से उतरा भारी बारिश का जल सैलाब जो बांध के साथ ही कई लोगों की जिंदिगयां, पूरे गांव की खुशहाली एक ही झटके में बहा ले गया।

### बांध के चपेट में आए घर का नामों निशान नहीं बचा

बांध के टूटने से पानी के बहाव की भयावहता कितनी रही होगी इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बांध टूटने के बाद चपेट में आए घर का नामों निशान भी नहीं बचा है। अभागे रामवृक्ष का तो पूरा परिवार ही इस हादसे में डूब गया। उसका घर कहां था इस बात का ठीक से अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता है। हालांकि बांध टूटने से पानी के तेज बहाव में चार घर पूरी तरह तबाह हो गए। गांव के बाकी घरों को आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं। सबसे ज्यादा अभागा इनमें से रामवृक्ष का पूरा परिवार तो इस क्रूर हादसे का शिकार हुआ ही उसके घर की नींव तक सबकुछ बह गया। इस बात का ठीक से अंदाजा भी लगाना कठिन है कि उसका घर कहां था। जहां था वहां आज सबकुछ समतल है।

### मुख्यमंत्री ने नेताम से की बात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस बड़े हादसे पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम से दूरभाष पर लंबी चर्चा कर पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने श्री नेताम से इस घटना में चल रहे राहत कार्य को लेकर संतोष व्यक्त किया। मंत्री श्री नेताम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से प्रभावित ग्रामीणों की मदद में और ज्यादा सहायता राशि देने की बात कही ताकि प्रभावित को पूरी सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने श्री नेताम से कहा जहां जैसी भी जरूरत होगी ग्रामणों के साथ पूरी सरकार खड़ी है। किसी भी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं पड़ेगा।

### पूरे दिन चला अभियान

गुरूवार को भी एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम ने पूरे दिन लापता लोगों को तलाशने का अभियान चलाया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। गुरूवार को रिमझिम बारिश के बीच टीम के सदस्यों ने काफी दूर तक तलाशी अभियान चलाया। लापता ग्रामीणों को लेकर परिजन एवं ग्रामीण अब मायूस हो गए हैं। बताया जा रहा है कि मृत बच्चों के पिता सजीवन व गणेश आपदा की सूचना मिलने के बाद चेन्नई से रवाना हुए हैं।



# मंत्री राजेश ने पूजा अर्चना कर संभाली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पर्यटन,संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाले कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने गुरूवार को विभागों का पदभार विधिविधानपूर्वक ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण करने से पूर्व उन्होंने पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंत्रोचारण एवं हवन-पूजन उपरांत उन्होंने ने कहा वे अपने कार्यकाल में प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, धार्मिक आस्था और पर्यटन विकास को नई उंचाईयों तक ले जाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से कार्य करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। मंत्री अग्रवाल ने सबका आभार व्यक्त करते हुए का कि छत्तीसगढ की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक परंपराएं प्रदेश आत्मा हैं। इन्हें संवारना, सुरक्षित रखना और देश-दुनिया तक पहुंचाना ही उनका प्रमुख लक्ष्य होगा। पर्यटन स्थल के विकास से न केवल प्रदेश की पहचान सुदृढ होगी, बल्कि रोजगार और आजीविका के नए अवसर भी सृजित होंगे।

सरगुजा संभाग के सभी संस्कृति एवं पुरातत्व स्थलों विकसित करने के लिए विशेष योजना बनाई जाएगी।



# पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

रेड नदी किनारे संदिग्ध हालत में मिले युवक के शव तथा युवक की हत्या करने की अंदेशा पर रघुनाथ नगर पुलिस ने न सिर्फ अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल की बल्कि युवक की हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

- पैसे के लेनदेन को लेकर युवक पर चाकू से वार और गला दबाकर उतारा था मौत के घाट

पुलिस के मुताबिक 30 अगस्त की शाम 4 बजे पुलिस चौकी बलंगी में फोन से सूचना मिला की ग्राम चपोता रेंड नदी के किनारे पानी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है और नदी के मेढ़ से कुछ दूर बाइक क्रमांक एमपी 66 एमडी 8406 पड़ी हुई है। सूचना पर थाना प्रभारी रघुनाथ नगर द्वारा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बाइक के संबंध में जांच की तो पता चला की बाइक ग्राम पंडरी थाना माडा जिला सिंगरौली के शिवराज सिंह का होना पता चला। शव की पहचान ग्राम पंडरी निवासी शिवराज सिंह आ. जमुना सिंह (45 वर्ष) के रूप में हुई। इधर परिजन ने शव का पहचान किया साथ ही हत्या करने की आशंका जताई। इसी बीच शव एवं घटनास्थल निरीक्षण फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम अंबिकापुर तथा डॉग स्क्वायड टीम बलरामपुर की उपस्थिति में की गई। परिजन द्वारा हत्या की आशंका किए जाने पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर ने संदेहास्पद गला घोंटने हत्या होना लेख किया गया। जिस पर पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेकर जांच शुरू की। मृतक के आने जाने के रास्ते के सीसी फुटेज, मृतक के और संदेही के मोबाइल नंबर का टेक्निकल एनालिसिस किए जाने पर मृतक के साथ अंतिम बार देखे गए व्यक्ति की पहचान सिंगरौली जिला के ग्राम भाऊखंड निवासी सियाचंद वैश्य आ.राम केवल (43 वर्ष) के रूप में हुई। परिजन ने पुलिस को बताया कि संदेही द्वारा मृतक से 7.50 लाख रुपए उधार लिया गया था। जिस पर पुलिस ने संदेह के आधार पर संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने हत्या करने की बात कबूल करते हुए बताया कि शिवराज सिंह उर्फ बब्बे से करीब 2 वर्ष पहले अलग-अलग किस्तों में 7.50 लाख रुपये 5 परसेंट ब्याज में लिया था जो बढ़कर 15 लाख रुपया हो गया था जिसमे से मात्र 1.5 लाख रुपया ही वापस किया था। मृतक पैसे के लिए लगातार दबाव बनाकर प्रताड़ित करता था। जिसके बाद शिवराज की हत्या करने की योजना बनाई। दुकान ⏭ शेष पेज 4 पर

## पीजी कॉलेज में प्राध्यापक से किया दुर्व्यवहार

# विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



अपनी विविध मांगो को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को राजीव गांधी पीजी कॉलेज में जमकर हंगामा मचाया। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजकमल मिश्रा के साथ झूमा झटकी की प्राचार्य हटाओ के नारे लगाए।

विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता परिषर का राजनीतिकरण बंद करने एवं नियमित कक्षाएं संचालित नहीं होने की मांग को लेकर प्राचार्य कक्ष में पहुंचे थे तथा प्राचार्य को ज्ञापन सौंपे मांगों के संबंध में चर्चा कर रहे थे।

प्राचार्य की बातों से असंतुष्ट कार्यकर्ता शोर मचाने के साथ ही प्राचार्य हटाओ का नारा लगाने लगे। इस दौरान डॉ राजकमल मिश्रा पहुंचे तो प्राचार्य ने कहा कि यह विषय डॉ मिश्रा देखते हैं वही बताएंगे। डॉ मिश्रा स्वशासी कक्ष में गए तो कार्यकर्ता भी कक्ष में पहुंच गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा शोर मचाने पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि इस तरह से बात करोगे तो मैं चर्चा नहीं करूंगा। इस दौरान कार्यकर्ता डॉ. मिश्रा से झुमाझटकी करने लगे। डॉ. मिश्रा के अपने विभाग में जाने पर कार्यकर्ता भी पहुंच तथा शोर मचाने लगे। शोर सुनकर पहुंचे प्राध्यापकों ने कार्यकर्ताओं को समझाइश देकर शांत कराया तथा कहा कि डॉ. मिश्रा किसी समिति में नहीं है तथा प्राचार्य के निर्देश पर ही कोई भी काम करते हैं। इस संबंध में प्राचार्य की निर्णय लेना है न किसी अन्य को। समझाइश के बाद कार्यकर्ता शांत हुए।

## खबर संक्षेप



### भारतीय स्काउट एंड गाइड के द्वितीय सोपान में शामिल हुए सांसद

**राजपुर।** जिले के शंकरगढ़ स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि डीपाडीह कला में भारत स्काउट एवं गाइड्स के द्वितीय सोपान का आयोजन डीईओ डीएन मिश्रा के निर्देश पर बीईओ जयगोविंद तिवारी के नेतृत्व किया गया। इस शिविर के समापन में मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, विशिष्ट अतिथि आशीष केसरी उपस्थिति शामिल हुए। सांसद ने स्काउट्स एवं गाइड्स को शिक्षा के महत्व एवं सर्वांगीण विकास पर सीख दी। अतिथियों की उपस्थिति में स्काउट एवं गाइड का व्यक्तित्व विकास, साहसिक गतिविधि, शिक्षण को नाट्य एवं पर्यावरण संरक्षण प्रेरणा देने के लिए नाट्य के माध्यम से मंचन किया गया। कार्यक्रमों के माध्यम से प्रस्तुतीकरण टोली सह मंच के माध्यम से प्रकटीकरण एवं प्रस्तुतीकरण किया गया। इस शिविर के संचालक धनसी यादव, उप शिविर संचालक डीओसी जयपाल विश्वकर्मा, गाइड डीओसी सोनिया ओयमा, सचिव रामकुमार बुनकर सहित अन्य शामिल हुए।

### कांग्रेस के विवादित बयान के विरोध में भाजपाइयों ने किया पुतला दहन

**रामानुजगंज।** कलेक्टर चौक पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवार को लेकर दिए गए विवादित बयान का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के विरूद्ध जमकर नारेबाजी कर पुतला दहन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान महामंत्री हाजी उमर, अश्विनी गुप्ता ने कहा कि राहुल गांधी जानबूझकर देश के प्रधानमंत्री पर निम्नस्तरीय टिप्पणी कर रहे हैं, जिसे भाजपा कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे। युवा मोर्चा नेता अश्विनी गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस द्वारा बार-बार प्रधानमंत्री पर व्यक्तिगत प्रहार करना विपक्ष की हताशा और निराशा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है और यही वजह है कि विपक्ष असहज हो रहा है। इस दौरान बलरामपुर मंडल अध्यक्ष अंश सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, महावीरगंज मंडल अध्यक्ष अशर्फी यादव, नंदकिशोर गुप्ता, प्रथम मलिक, जगनारायण सिंह, मंगलम पांडे सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पुतला दहन के दौरान पुलिस प्रशासन भी मौके पर मौजूद रहे।



युवती एवं महिलाओं ने रखा निर्जला उपवास, परिवार की सुख-समृद्धि की कामना

# ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति और उल्लास के साथ मना करमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

बुधवार को जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम के साथ करमा त्यौहार मनाया। पूरे दिन युवती एवं महिलाओं ने उपवास रखकर शाम को करमदेव की विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। पूजा पश्चात पूरी रात महिलाएं एवं युवती मांदर की थाप पर करमा नृत्य किया और आज सुबह विधि विधान पूर्व विसर्जन किया।

**खास बात**

- भादो माह के एकादशी के दिन कर्मा त्यौहार मनाना शुभ माना जाता है

ग्राम पंचायत में परंपरागत अनुसार भादो के महीना में एकादशी के दिन करमा त्योहार मनाने के लिए गांव के गुड़ी कोटवार द्वारा जंगल से करमदेव कर्मी का डंगाल को अर्जी कर काट के गुड़ी देवालय में बैगा द्वारा विधि पूर्वक आंगन में गाड़ा गया। आंगन में जाई को रख कर जितने भी करम देव का उपवास थे सभी ने विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करने के पश्चात करम देव की कहानी गांव के गवटिया से सुनी। करम देव की पूजा अर्चना पश्चात रात भर मादर एवं झांझ के ताल में करमदेव के गाने से करमा नृत्य किया। सुबह करम देव को पूजा अर्चना कर गांव के बैगा एवं कोटवार सहित उपासकों ने करम देव को विधि पूर्वक नदी में विसर्जन किया। विसर्जन के बाद घर मे आकर परंपरागत अनुसार सभी के घरों में भाई चारे के साथ मिलकर लसोरा का फलाहार किया। गौरतलब है कि सरगुजा संभाग के गांवों में यह पर्व भव्यता से मनाया गया। जनपद पंचायत लखनपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरकोतगा, पुहपुहटरा, रजपुरीकला, जमगला, बीनकरा, केनापारा, गणेशपुर, भरतपुर सहित अन्य गांव में महिलाओं और युवाओं की बड़ी भागीदारी रही। शाम ढलते ही गांवों में मांदर की थाप गूंजने लगी। कलाकारों की थाप पर युवक-युवतियां नृत्य में शामिल हुए और पूरी रात करमा गीत गाकर उत्साह के साथ करमा त्यौहार मनाया।



### लोधी में धूमधाम से मनाया गया करम

**शंकरगढ़।** ग्राम पंचायत लोधी सरनापारा गरम ग्राउंड में धूमधाम से करम परब का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के कई टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजी पाडहा सरना प्रार्थना सभा के तत्वावधान में बुधवार को ग्राम पंचायत लोधी सरनापारा करम ग्राउंड मे विशाल करम परब का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से किया गया। इस अवसर पर रामसाय द्वारा करम परब के महत्व के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में अलग-अलग टीमों द्वारा आदिवासी वेशभूषा में बहुत ही सुंदर करम नृत्य का प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद भगत, विशिष्ट अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, जिपं अध्यक्ष श्रीमती हीरामुनि निकुंज, राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा अध्यक्ष मिटकू भगत, सचिव भूलन उरांव, सह सचिव रामसाय उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।



### छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में सभी विभागों की होनी चाहिए सहभागिता: कलेक्टर

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस.जयवर्धन ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली गई। 6 फरवरी 2026 तक चलने वाले छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम के संबंध में कलेक्टर ने अधिकारियों को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने विभागवार कलेण्डर आधारित आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर, कार्यक्रम की रूपरेखा का निर्धारण करने के निर्देश दिए। बैठक में गणेश विसर्जन की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। जिसमें विसर्जन स्थल पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने घाट व विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने की बात कही। बैठक में 10 जुलाई से शुरू किए गए आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में चर्चा की गई। आदि कर्म योगी अभियान के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सुनियोजित तरीके से क्रियान्वित करने के निर्देश आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के सहायक आयुक्त को दिए। साथ ही जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के लिए किए जाने वाले कार्यक्रम व गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही आदिवासी विकास एवं मूलभूत सुविधाओं संतृप्तिकरण हेतु कैलेण्डर आधारित योजना को लेकर चर्चा की।



- घाटो व अन्य गणेश विसर्जन स्थलों पर रहें पुख्ता इंतजाम

### विद्युत उपकेंद्र बिश्रामपुर में जम्पर रेड हॉट समस्या से क्षेत्र में तीन घंटे बाधित रही बिजली सप्लाई

**बिश्रामपुर।** बुधवार को अचानक बिश्रामपुर समेत आसपास के बड़े हिस्से में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई,इसकी मुख्य वजह 220/132/33 केवी उपकेंद्र बिश्रामपुर में 132 केवी बुश बार जंपर का रेड हॉट होने को बताया जा रहा है।तकनीकी खराबी इतनी जटिल थी कि सुधार कार्य के लिए लम्बे समय तक बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी,गौरतलब है कि इस सुधार कार्य का असर सिर्फ बिश्रामपुर तक सीमित नहीं रहा बल्कि राजपुर,उदयपुर और वाड्रफनगर जैसे बड़े क्षेत्रों में भी 132 केवी सब स्टेशनों की विद्युत आपूर्ति बाधित रही,सूत्रों की मानें तो यह समस्या पहली बार की नहीं है,कुछ महीने पूर्व भी इसी उपकेंद्र में बुश बार जंपर रेड हॉट हुआ था,तब भी घंटों तक बिजली सप्लाई बाधित रही थी,इस सिलसिलेवार दोहराई जा रही समस्या से सिस्टम की कार्यशैली विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।तकनीकी जानकारों के अनुसार जंपर वह तार होता है जो विद्युत प्रवाह को एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक ले जाता है,लगातार जरूरत से अधिक लोड,पुरानी सप्लाई व लाइनें और जॉइंट ढीले होने से यह तार अत्यधिक गर्म हो जाता है जिसे रेड हॉट कहा जाता है,ऐसी स्थिति में आग लगने का खतरा भी रहता है,इसलिए इसको तत्काल बदलना जरूरी होता है,बिजली गुल होते ही लोगों को मोबाइल चार्जिंग,पीने व नहाने के पानी से लेकर घरों के रोजमर्रा के कामों तक दिक्कत का सामना करना पड़ गया,लोगों का कहना है कि बिजली कटौती की जानकारी पहले से मिलनी चाहिए ताकि इसकी पूर्व तैयारी की जा सके,लोगों ने सवाल उठाया कि जब कुछ महीने पहले ही इसी समस्या उत्पन्न हुई थी, तो इसका स्थाई समाधान क्यों नहीं निकाला जा रहा।बार-बार जंपर बदलने की नौबत आना कहीं न कहीं रखरखाव की कमी और विभागीय लापरवाही को दर्शाता है,क्षेत्र में करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद नया जंपर लगाकर विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सकी।



### शिक्षकों के लिए नवीन विषयों पर आधारित दो चरणों का प्रशिक्षण

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर विकासखंड के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में नवीन पाठ्य पुस्तकों पर शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का गणित (गणित प्रकाश) एवं हिन्दी (मल्हार) विषय का विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया गया। प्रथम चरण के प्रशिक्षण में गणित विषय के 67 और हिंदी विषय के 32 तथा द्वितीय चरण में 58 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता अमर कुमार जैन व सूरजपुर विकासखंड के बीआरपी सुदर्शन राजवाड़े के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई।बिश्रामपुर संकुल समन्वयक और प्रशिक्षण प्रभारी गौरी शंकर पाण्डेय ने बताया कि नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण केवल एक नई किताब पढ़ाने का तरीका सिखाने तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह एक समग्र प्रक्रिया है जो शिक्षकों को 21वीं सदी की जरूरतों के अनुसार खुद को ढालने,अपने छात्रों को बेहतर शिक्षा देने और शिक्षा प्रणाली को और अधिक गतिशील, प्रासंगिक और प्रभावी बनाने में मदद करती है, बीआरसी मनोज कुमार मंडल ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण के कई महत्वपूर्ण लाभ हैं,जो शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और समकालीन बनाते हैं,नई पाठ्यपुस्तकें दुनिया में हो रहे नवीनतम वैज्ञानिक,तकनीकी, सामाजिक और ऐतिहासिक शोधों एवं घटनाओं को शामिल करती हैं, इससे छात्रों और शिक्षकों दोनों को ही वर्तमान समय के अनुरूप सटीक और अद्यतन जानकारी मिलती है,प्रशिक्षण समाप्ति के उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



## भारी बारिश से लबालब हुआ शहर दुकानों में घुसा बारिश पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

मंगलवार को हुई तेज बारिश ने एक बार फिर से नगर पंचायत के दावों की पोल खोल दी है। नालियों के जाम होने से गंदा पानी सड़कों पर आ गया और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बता दें कि मंगलवार को क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हुई। लगभग एक घंटे तक हुई भारी बारिश के कारण शहर लबालब हो गया और बारिश का पानी दुकानों में घुस आया। बारिश से सबसे बुरा हाल नगर के हृदय स्थल शहीद भगत सिंह चौक का था जहां पानी निकासी के अभाव में होने वाले जल जमाव के कारण शहीद भगत सिंह चौक के आसपास का हिस्सा तालाब बन गया। इसके अलाव गौरवपथ हटरी से लेकर एलआईसी कार्यालय तक का हिस्सा जलमग्न हो गया। नालियों के जाम होने से नाली का मलबा भी सड़क पर आ गया। बारिश के दौरान शहीद भगत सिंह चौक, गौरवपथ समेत नया बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक जगहों पर भारी मात्रा में गंदगी जमा हो गई थी। बड़ी बात यह है कि बारिश ने नगर पंचायत द्वारा नगर की नाली सफाई के दावे की पोल बारिश ने खोलकर रख दी है। सड़क पर पसरी गंदगी और जल जमाव को लेकर लोगों में खासा आक्रोश है। इस सम्बंध में अध्यक्ष नगर पंचायत प्रेमदान कुजूर ने बताया कि नगर में नाली सफाई अभियान चलाया गया है। बीच में अनवरत बारिश के दौरान इस अभियान को विराम दिया गया था। अचानक हुई भारी बारिश की वजह से नगर में ऐसी स्थिति निर्मित हुई है। हालांकि कुछ जगहों पर नाली सफाई के अभाव में जाम पड़ा हुआ है, मौसम खुलते ही साफ करवा दिया जायेगा।



## तालाब में नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

तालाब में नहाने के दौरान एक युवक की डूबकर मौत हो गई। युवक तैरकर तालाब को पार कर रहा था लेकिन अचानक ही बीच तालाब में वह डूब गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने चार घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

बताया जा रहा है कि मंगलवार को ग्राम पंचायत सुर में स्थापित की गई गणेश प्रतिमा के विसर्जन की तैयारी की गई थी। विसर्जन के पहले ग्राम टांगर सुर निवासी 25 वर्षीय आशीष पन्ना शाम 4.30 बजे मिश्री तालाब पहुंचा और नहाने लगा। लबालब तालाब में नहाने के दौरान युवक तैरकर तालाब पार कर रहा था। तैराकी कर रहे युवक का सांस फूलने की वजह से दम घुटने लगा और तालाब में डूबने लगा। डूबने के दौरान उसने तालाब के पास मौजूद लोगों की ओर हाथ से इशारा भी किया लेकिन लोग उसका इशारा समझ उसकी मदद कर पाते इससे पहले ही वह गहरे पानी मे डूब गया। पानी से लबालब तालाब काफी गहरा होने के कारण युवक को तलाशने की किसी ने हिम्मत नहीं दिखाई। इस घटना के बाद पुलिस के सहयोग से एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया। एसडीआरएफ की टीम ने युवक को तलाशने तालाब में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। लगभग चार घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद एसडीआरएफ की टीम ने युवक का शव गहरे पानी से ढूंढ निकाला। देर रात तालाब से युवक का शव बाहर निकालने के बाद उसे हॉस्पिटल लाया गया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए बुधवार को पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### महिला की हत्या के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** विधवा महिला की हत्या के मामले में डेढ़ साल से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अनुसार मृतिका सफीरा तिग्गा पति की मौत के बाद मनेन्द्रगढ़ रोड पीजी कॉलेज के सामने झोपडी बनाकर सोनू पंडित के साथ रहती थी। इस दौरान 13 अप्रैल 2025 को रुपए नहीं देने पर सोनू पंडित ने महिला के साथ मारपीट की थी। मारपीट के बाद महिला भागकर चोपड़ापारा में सोमारी मानिकपुरी के पास आ गई थी। 14 अप्रैल सोनू पंडित महिला को वापस लेकर जाने के लिए आया हुआ था। जब महिला ने वापस लौटने से मना किया तो आरोपी ने सफीरा तिग्गा की बेदम पिटाई कर दी। मारपीट से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराने के बाद आरोपी भाग निकला। इधर 19 अप्रैल को महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। महिला की मौत के बाद पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही थी। महिला के हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस आरोपी युवक की डेढ़ साल से तलाश कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने सत्तीपारा शीलता वार्ड निवासी 39 वर्षीय बृजेश उपाध्याय उर्फ सोनू पंडित आ. सच्चिदानंद उपाध्याय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को भादवि की धारा 302 के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, आरक्षक अतुल शर्मा, सुरेश तिवारी, राजकुमार यादव थाना मणीपुर से आरक्षक उमाशंकर साहू सक्रिय रहे।

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें – 7587722255

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S., M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल
(हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से सम्बधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनॉक -: 14 सितम्बर 2025 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 7354260555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
दिनांक 24 सितम्बर 2025 दिन - बुधवार
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 सितंबर, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 31 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने,अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ — डॉ.मनीष चौरसिया M.S.(General Surgery) M.Ch. (Neuro Surgery)
मानसिक रोग विशेषज्ञ — डॉ.गौरी शंकर सिंह MBBS(AFMC) MD(Psychiatry)BHU
सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ — डॉ.बी.बी.कुमार MBBS,MD (Medicine) FLPM,Fellowship in Rheumatology
पेट एंव आंत रोग विशेषज्ञ — डॉ.आकाश गर्ग MBBS,DNB (MEDICINE)
किडनी रोग विशेषज्ञ — डॉ.विनय कुमार MBBS,MD (General Medicine) MD (Nephrology)
डॉक्टर्स हाउस / सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल -II
रानी तालाब के सामने,जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन — डॉ.आशु जैन MS,MCH,FHU, Neuro Surgery
मनोरोग,नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट — डॉ.निशांत कुमार साहू एम.बी.बी.एस.,एम.डी. (मनोरोग)
ब्रेन एंजियोग्राफी एंड एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ — डॉ.सौरभ जैन MD,DM (Neurology) FNB (Neurologist)
07 सितम्बर 2025,माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती,सर्जरी,उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में दिनांक - 7 सितम्बर 2025, रविवार
सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन — डॉ.आशु जैन एम.एस, एम.सी.एच न्यूरोसर्जन
किडनी रोग विशेषज्ञ — डॉ.विनय कुमार ए.वी. एसोसिएट कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी (किडनी रोग विशेषज्ञ)
गैस्ट्रो - इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ — डॉ.आकाश गर्ग
सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक विशेषज्ञ — डॉ.रितेश सिंह MBBS, MPH, DCMH, CCPM (NIMHANS Bangalore)
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) मो.8120906000। 8120809000

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम.बी.बी.एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरुगांव
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर 07774222555, 8718003300, 8085886678,
गायत्री हॉस्पिटल बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 9424250281, 8120906000

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।
विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज
विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

# आप सभी को ईद मिलाद उन नबी की दिली मुबारकबाद



































## खबर संक्षेप



### क्रीडा स्पर्धा में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने हासिल किया तृतीय स्थान

**रजपुरीकला।** गौरेला पेंड्रा मरवाही में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में आयोजित किया गया। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की तीन छात्राओं ने अलग-अलग वेट की कैटेगरी में ताइक्वांडो प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए ब्रांच मेडल अपने नाम किया। अंडर 17 से कुमारी श्रुति पटेल ने अपने खेल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। अंडर 14 से अलग-अलग वेट की कैटेगरी में कुमारी पातरमनी एवं राखी चौहान द्वारा तृतीय स्थान अर्जित करते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया गया। छात्राओं ने अधीक्षिका श्रीमती अनुराधा सिंह के नेतृत्व में तथा कोच नितिन श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सफलता हासिल की है । छात्राओं की उपलब्धि से छात्रावास गौरवान्वित है।

### जीएसटी दरों की समीक्षा का चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया स्वागत

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)



की दरों में की गई समीक्षा का स्वागत किया है।उन्होंने कहा कि उक्त निर्णय व्यापार जगत के लिए राहत देने वाला कदम साबित होगा,साथ ही इससे उद्योग और व्यापार को नई गति भी मिलेगी । उन्होंने कहा कि लंबे समय से व्यापारी वर्ग विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर उच्च जीएसटी दरों में कमी की मांग कर रहा था,जिसे केंद्र सरकार ने स्वीकार करने समीक्षा करने जैसे सकारात्मक पहल की है जो स्वागत कि योग्य है।उन्होंने आगे कहा कि जीएसटी दरों में कमी से उपभोक्ताओं को भी प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा,वस्तुएं सस्ती होंगी जिससे मांग बढ़ेगी और इसका सीधा असर उत्पादन, रोजगार तथा आर्थिक विकास पर पड़ेगा, साथ ही, छोटे व मध्यम उद्योगों को बाजार में प्रतिस्पर्धा करने का बेहतर अवसर प्राप्त होगा।

### डीएवी विद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस



**राजपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातु में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों ने शिक्षकों के प्रति सम्मान जाहिर किया। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष 5 सितंबर को देश के पहले उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति, व भारत रत्न से अलंकृत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के शुरूआती विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षक तथा छात्र प्रतिनिधियों ने राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात शिक्षकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके अलावा शिक्षकों के लिए भी कुर्सी रेस, कप बैलून रेस सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष झा ने अपने उद्बोधन में बच्चों के प्रति कृतज्ञता ज़ाहिर करते हुए उन्हें हमेशा सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी तथा गुरु-शिष्य के महत्व पर सारगर्भित प्रकाश डाला।

### सड़क की मांग को लेकर अभाविप कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**राजपुर।** एनएच 343 की जर्जर सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग को लेकर आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जनपद उपाध्यक्ष को ज्ञापन सौंप। साथ ही जर्जर सड़क से हो रही परेशानियों से अवगत कराया। शासकीय महाविद्यालय के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र एवं छात्राओं ने जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल को ज्ञापन सौंप कर विभिन्न सुविधाओं की मांग की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र-छात्राओं ने सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 से महाविद्यालय भवन तक पहुंच मार्ग काफी जर्जर हो चुकी है। मुख्य मार्ग से लगभग 200 मीटर की दूरी पर महाविद्यालय संचालित है ऐसे में आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग में तहसील कार्यालय एवं एसडीएम कार्यालय भी संचालित है और हाउसिंग बोर्ड भवन स्थित है। जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र-छात्राओं को पूरा भरोसा दिलाया है कि उनकी तरफ से जो मदद हो सकेगा वह करेंगे। साथ ही जल्द से जल्द सड़क बन सके इसके लिए प्रयास करेंगे। इस दौरान नगर सह मंत्री अजीत यादव, आलोक कुशवाहा, तुलेश्वर यादव, पूर्णिमा दास, साक्षी गुप्ता, जिलपा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

भारी मात्रा में हर रोज हो रहा रेत उत्खनन, खपा रहे आसपास क्षेत्र में

# बरबसपुर महान नदी में रेत तस्कर सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जिले में एक बार फिर रेत माफिया सक्रिय हो गए है जो न सिर्फ नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर रहे है बल्कि रेत का भंडारण कर आसपास सहित अन्य प्रदेशों में खपाने का कार्य कर रहे है। हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र से हर रोज बड़ी मात्रा में वाहनों से रेत उत्खनन का कार्य किया जा रहा है बावजूद इसके विभाग चुप्पी साधे हुए है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरबसपुर महानदी से बड़ी मात्रा में रेत उत्खनन कार्य जारी है। ऐसे में विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से रेत माफियाओं के हौसले बुलंद है जो बेधड़क रेत उत्खनन करने में लगे हुए है।

**खास बात**
- गांव की सड़क से लगातार ट्रैक्टरों की आवाजाही से बड़ी दुर्घटना की आशंका

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर महानदी से रेत की अवैध उत्खनन लंबे समय से जारी है। बारिश होने के बावजूद रेत तस्करों द्वारा रेत उत्खनन कर लगातार ट्रैक्टरों से परिवहन किया जा रहा है। हर रोज ग्राम पंचायत बरबसपुर महानदी से लगभग 12 से 13 ट्रैक्टरों से दिन भर धड़ल्ले से बालू लोड कर आसपास क्षेत्र में खपाया जाता है। इधर बरसात के मद्देनजर कई जगह भारी मात्रा में रेत का भंडारण किया जाता है जिसे बारिश के दौरान नदी से उत्खनन नहीं होने की स्थिति में महंगे दामों पर बेचा जा सके। हैरानी की बात यह है कि हर रोज नदी से भारी मात्रा में रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है बावजूद इसके न तो जिला प्रशासन और न ही पुलिस द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से न सिर्फ रेत का अवैध उत्खनन जोरों पर है बल्कि रेत माफिया के हौसले बुलंद हो गए है। क्षेत्र के ग्रामीणों का आरोप है कि नदी से धड़ल्ले से नियमों को ताक में रखकर रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है जिससे राजस्व का नुकसान हो ही रहा है साथ ही रेत उत्खनन से जलीय जीव पर ही इसका विपरीत असर पड़ रहा है।



महान नदी से रेत ले जाते ट्रैक्टर।

#### गांव की सड़क हो गई जर्जर

महानदी से अवैध रेत लोड कर ट्रैक्टर गांव की सड़क से होकर गुजरती है। ऐसे में बारिश के इस मौसम में लगातार ट्रैक्टरों के आवाजाही से सड़क की हालत काफी जर्जर और कीचड़ से सराबोर हो चुकी है। ट्रैक्टर के चलने से गांव की सड़क बदहाल हो जाने से बाइक तो दूर लोगों को पैदल चलना भी दुभर हो गया है। इसके अलावा गांव की सड़क से ट्रैक्टरों के आवागमन करने से न सिर्फ बच्चों के लिए खतरनाक है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

#### ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

क्षेत्र ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से तत्काल मामले को संज्ञान में लेकर रेत लोड ट्रैक्टरों को जब्त कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है जिससे रेत की अवैध उत्खनन व परिवहन पर अंकुश लगाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह से महानदी से रेत उत्खनन किया जा रहा है उससे नदी में रेत ही नहीं बचेगा। ऐसे में गांव में होने वाले विकास कार्य के अलावा लोगों को भी रेत को लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। महानदी के रेत की अच्छी क्वालिटी होने के कारण रेत तस्कर लंबे समय से सक्रिय है।

#### लीज नही फिर भी कर रहे उत्खनन

हैरानी की बात यह है कि महान नदी के अलावा गोंदा, बाकी नदी से बालू का न तो लीज है न खनन का आदेश इसके बावजूद रेत तस्कर इन क्षेत्र से अवैध खनन करने में लगे हुए है। नदी से अवैध रेत उत्खनन से शासन प्रशासन को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। रेत उत्खनन का किसी प्रकार का लीज नहीं होने के बाद भी बालू की चोरी धड़ल्ले से जारी है। रेत तस्कर द्वारा आसपास के नदियों से बालू निकालने के बाद अब महानदी पर पड़ी है जहां हर रोज बड़ी मात्रा में रेत का अवैध उत्खनन कर रहें है।

#### की जाएगी कार्रवाई

नदी से अवैध बालू निकालने पर कार्रवाई की जाती है। महानदी से रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है तो छापामार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वाहन जब्त सहित रेत तस्करों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर

---

## बनारस से आए पांच ब्राह्मणों के दल ने की गंगा आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर


नगर के मुख्य मार्ग एनएच 43 स्थित राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में स्थापित गणपति की भव्य प्रतिमा के समक्ष बनारस से आए पांच ब्राह्मणों के दल ने अलग अलग मंत्रों व भजनों से करीब पौन घंटे आरती कर नगर का माहौल भक्तिमय कर दिया।

- भव्य आयोजन को देखने उमड़ी भक्तों की भीड़,नगर का माहौल हुआ भक्तिमय
- करीब एक घंटे तक एनएच में गाड़ियों के आवागमन रूट को यातायात विभाग ने किया डाइवर्ट

बनारस में होने वाली पारम्परिक गंगा आरती की तर्ज पर बप्पा की प्रतिमा के सामने भव्य आरती की गई।बुधवार की शाम करीब 8:30 बजे राधा कृष्ण युवा समिति द्वारा आयोजित आरती संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर आरती होते देखी। करीब पौन घंटे चले इस भव्य आयोजन की शुरुआत युवा समिति द्वारा आतिशबाजी के साथ की गई, इसके बाद सड़क किनारे एकत्रित हुए श्रद्धालुओं की भीड़ ने इत्मीनान से एक जगह खड़े होकर आरती देखी,इनमें से कई भक्तों व युवाओं ने अपने मोबाइल फोन से आरती की लाइव रिकॉर्डिंग भी की,उक्त आयोजन को लेकर पुलिस टीम भी सक्रिय दिखी,राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के दोनों छोरों पर करीब एक घंटे तक यातायात विभाग व बिश्रामपुर पुलिस के जवानों ने मुख्य मार्ग से गुजर रहे वाहनों को रुकवाकर परिवर्तित मार्ग से वाहनों की आवाजाही करवाई, आरती सम्पन्न होने के बाद समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की भी व्यवस्था की गई,आयोजन को सफल बनाने में युवा समिति के पवन मित्तल,हर्ष दानोदिया, दीपक सिंघल, क्षितिज सिंह चंदेल, हनी, अमन, अभिषेक, दीपांशु, संस्कार, संभव, विनय, अनुराग, सौरभ सावन, हर्ष बंसल और पूरी टीम सक्रिय रही।

गौरतलब है कि नगर के मेन मार्केट राधा कृष्ण मंदिर में गणपति बप्पा की 13 फीट ऊंची और भव्य प्रतिमा कोयलांचल सहित जिले में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।गणेश जी के दर्शन के लिए रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।समिति ने बताया कि शनिवार अनंत चतुर्दशी के दिन गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया जाएगा।

## बिजनेस न्यूज



### अपार भीड़ के साथ शान से चल रहा जादूगर दीप कुमार का इन्द्रजाल शो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीजी कालेज के सामने राजमोहनी भवन में विश्व के महानतम शोमैन जादूगर दीप कुमार द्वारा सम्पूर्ण पारिवारिक जादुई शो दिखाया जा रहा है। सभी दर्शकों को रोमांचित और आनंदित करने का दौर पल पल एक नया चमत्कार और नए नए बदलते ड्रेस मे जादूगर का मंच पर आना। तो कभी लड़की को मंच पर बुलाकर 10 फीट हवा में उड़ाया तो कभी सुंदर सी लड़की को 4 पार्ट में कर के दिखाया, तो कभी खूंखार गोरिल्ला बनाकर सभी को हतप्रभ कर दिया. कई हास्य भरे जादुई करतबों पर खूब ठहाके लगे तो दुनियां के सबसे जबरदस्त माइम मैजिक ऐक्ट देख कर सभी दर्शक आश्चर्यचकित रह गए। यह शो कई जन संदेशों से भरा है जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशे से दूर रहे, अपराध ना करें, जैसे अनेक संदेश भरे करतब को दर्शकों ने बेहद सराहा. यहां ऐसे ही अचरज मे डाल देने वाले रोजाना दो शो, 4 बजे एवं संध्या 7बजे से दिखाए जाते हैं, रविवार एवं छुट्टी के दिन 3 शो दिखाया जाता है। 1 बजे, 4 बजे एवं संध्या 7 बजे से 1 प्रत्येक शो दो घण्टे का होता है जिसका टिकट हॉल पर सुबह 10 बजे से मिला करेगा, ऑनलाइन टिकट www.jadugardeepkumar.com से एडवांस मे भी लिया जा सकता है। जादू शो आयोजक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि स्कूल एवं कोचिंग के बच्चों के लिए ग्रुप में देखने पर टिकट में भारी छूट दिया जा रहा है। स्कूल का स्पेशल शो सुबह में 10 बजे से स्कूल की सुविधानुसार आयोजित किया जा रहा है।

---

### ईद मिलादुन्नबी पर अफरोज ने पीएम श्री स्कूल में कराया न्योता भोज

**सोनगरा।** जश्न ए ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर भटगांव निवासी समाजसेवी अफरोज खान द्वारा पीएम श्री स्कूल में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्योता भोज छत्तीसगढ़ सरकार की एक पहल है, जिसका उद्देश्य स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अतिरिक्त पोषण प्रदान करना और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत, समुदाय के सदस्य स्कूलों में जाकर बच्चों को भोजन प्रदान करते हैं। इस अवसर पर उनके साथ परिवार के सदस्यों ने बच्चों को अपने हाथो से पौष्टिक आहार परोसा। इस अवसर पर अफरोज खान ने कहा कि इस साल का ईद मिलादुन्नबी त्यौहार सभी मुसलमानों के लिए बहुत खास है। इस वर्ष दुनिया के आखरी पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लहू अलैहि व सल्लम के जन्मदिन का 15 सौवां वर्ष है। पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लहू अलैहि व सल्लम ने दुनिया को संदेश दिया था कि अमन शांति के साथ सर्व समाज मिल जुल कर रहें और सबका विकास हो। उन्होंने लोगों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। न्योता भोज के भोजन पश्चात सभी बच्चों को पेन और नोटबुक भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्रीमती यास्मीन खान, श्रीमती नरगिस आरा, फैसल खान, आरिज खान, कुमारी आसना अफरोज, अयान अफ़रोज़ खान, मो. शाहिद, श्रीमती कौशल्या सिंह, तनुजा एक्का, श्रीमती गायत्री मिश्रा सहित स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।



## ईद मिलादुन्नबी पर जयनगर में समाज के 51 लोगों ने जरुरतमंदों के लिए किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश के 1500 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर बारह रबीउल अव्वल ईद मिलादुन्नबी के मौके पर गुरुवार को जयनगर में गौसिया अंजुमन कमेटी के तत्वावधान में एक विशेष ब्लड डोनेट कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए रक्त उपलब्ध कराना था,इस अवसर पर जिला चिकित्सालय सूरजपुर से सीएमएचओ के सहयोग से चिकित्सकों की टीम पहुंची,जिन्होंने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया,ज्ञात हो कि गुरुवार को जयनगर मुस्लिम मोहल्ला स्थित मदीना मस्जिद प्रांगण में आयोजित इस शिविर में समाज के कुल 51 लोगों ने रक्तदान किया,इनमें 49 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल थीं,गौसिया अंजुमन कमेटी के नौशाद आलम ने बताया कि पैगम्बर साहब के 1500 वें यौमे पैदाइश के अवसर पर यह आयोजन समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाने के लिए किया गया,उन्होंने कहा कि जरूरतमंद की मदद करना ही असली इबादत है,और रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, रक्तदान शिविर उपरांत अब शुक्रवार 5 सितम्बर को मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा, इस दौरान नगर में जुलूस और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रम में मुख्यरूप से ईमाम हाफिज व हाजी कलीम,अंजुमन कमेटी के पूर्व सदर इसराईल, हाजी कलमुल,हाजी कलीम ईराकी, जयनगर सरपंच पति राजेन्द्र सिंह, अंजुमन कमेटी के सदर इरशाद कलाम, नायब सदर नौशाद आलम सहित इमरान, इरशाद छोटू, परवेज, जावेद, राशिद, अंजर, अदनान, सामी, सहित स्वास्थ्य कर्मचारियों में डॉ आजाद भगत, श्रीमती आरती सपना, इन्द्रभान सिंह, मनोज लहरे, जय सिंह, संतोष श्रीवास्तव सक्रिय रहे।



## कुमदा-बलरामपुर मार्ग को जोड़ने वाली पुलिया जर्जर, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कुमदा सहक्षेत्र में बलरामपुर खदान जाने वाली मुख्य सड़क पर पम्प हाउस के पास बनी सकरी पुलिया पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, इसके साइड पिल्लर में दरारें आ गई हैं, ऐसे में कभी भी जनहानी की दुर्घटना हो सकती है,बरसात के मौसम में लगातार हो रही झमाझम तेज बारिश के कारण यह पुलिया टूटने की कगार पर है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि तत्काल मरम्मत नहीं की गई तो आने वाले दिनों में यहां बड़ी जनहानी होना निश्चित है,गौरतलब है कि बलरामपुर से बिश्रामपुर को जोड़ने वाला यह मार्ग खदान क्षेत्र का सबसे व्यस्त रास्ता माना जाता है, प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण इसी पुलिया से होकर गुजरते हैं,चाहे वह नौकरीपेशा लोग हों,स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राएं या फिर खदानों में कार्यरत मजदूर, क्षेत्रवासियों ने बताया कि पुलिया की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि पैदल चलने वाले लोग भी इसमें से डरकर घबराहट में गुजरते हैं।बाइक सवार और छोटे वाहन चालक अक्सर सड़क किनारे खड़े होकर एक-दूसरे को निकलने का मौका देते हैं,ताकि एक साथ अधिक वजन एक साथ पड़ने से पुलिया धंस न जाए, बताया जा रहा है कि क्षेत्र में हो रही बारिश से पुलिया की नींव और कमजोर हो गई है,जगह-जगह दरारें पड़ चुकी हैं और सीमेंट-पत्थर टूटकर बह रहे हैं,लोगों का मानना है कि यदि जल्द ही संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो सकरी पुलिया किसी भी समय धराशायई हो सकती है,क्षेत्रवासियों ने प्रबंधन, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है कि पुलिया का मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर शुरू कराया जाना चाहिए।

- एक साथ अधिक वजन पड़ने से कभी भी धंस सकती है सकरी पुलिया



### महिला की उपचार के दौरान हुई मौत

**बिश्रामपुर।** करंजी ग्राम निवासी 32 वर्षीय महिला की उपचार के दौरान बुधवार को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई।करंजी पुलिस ने बताया कि 32 वर्षीय महिला सोनमति सिंह पिता बुधराम का विवाह ग्राम रमकोला में हुआ था,उसे उसका पति पेट संबंधी बीमारी होने के बाद चार वर्ष पूर्व उसे उसके मायके करंजी ग्राम छोड़ दिया जिसका परिजन उपचार करा रहे थे,कल अचानक पेट दर्द की शिकायत के बाद परिजन उसे मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए दाखिल कराया जहां उसकी मौत हो गई।परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

### ऑटो पलटने से युवक की मौत, तीन घायल

**अम्बिकापुर।** सड़क के गड्ढे में ऑटो का पहिया चले जाने से ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में ऑटो के नीचे दबे युवक की मौत हो गई जबकि सवार तीन युवक घायल हो गए। चरचा थाना अंतर्गत ग्राम खरवत महुआपारा निवासी विकास कुमार राजवाड़े आ. स्व. कमल साय (22 वर्ष ) 1 सितम्बर को दोस्त निलेश, राहुल, साहिल सहित अन्य दोस्तों के साथ काम करने कटघोड़ी गया था। काम करने के पश्चात सभी ऑटो से घर लौटने लगे और जैसे ही महुआपारा हनुमान मंदिर के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रहे ऑटो को चालक ने साइड दिया तो ऑटो का एक पहिया सड़क के गड्ढे में चले जाने से ऑटो पलट गई जिससे वाहन के नीचे दबने से विकास सहित उसके दोस्त घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने विकास की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात अम्बिकापुर रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। वहीं अन्य घायलों का उपचार बैकुंठपुर जिला अस्पताल में चल रहा है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पेज 1 के शेष...

### लुत्ती डेम हादसा : दिन भर चला...

की सिंचाई करते हैं, ग्राम बिश्रामनगर निवासी अवकाश प्राप्त प्रधान पाठक समीर कुमार हलदार बताते हैं कि बांध पर विभाग के अधिकारियों की नजर थी। सिंचाई विभाग का एक मेट धनेशपुर में ही रहता है तथा बांध का नियमित देख रेख करता था। बांध के उपरी हिस्से में वर्षो पूर्व एक सुराख बन गया था जिससे बांध का जल स्तर बढने पर पानी की रिसाव होता था। जल स्तर कम होते ही बंद हो जाता था। वर्ष 2010 में बांध की मरम्मत करने के साथ ही लगभग 3 फीट तक मिट्टी भरकर उंचाई बढाई थी। इस दौरान बाहर से मिट्टी भरकर सुराख को बंद करने की भी कोशिश की गई लेकिन सफलता नहीं मिली। मंगलवार की देर शाम तक मूसलाधार बारिश होने के कारण बांध लबा लब हो गया तथा सुराख से पानी का रिसाव होने लगा। हादसे के पूर्व कुछ ग्रामीण लुत्ती बांध की ओर गए थे तथा लौटकर ग्रामीणों को बांध से अधिक पानी का रिसाव होने की सूचना दी है। पूर्व सरपंच सुरेश कुमार बताते हैं कि बांध के सुराख से तेज रफ्तार से पानी का रिसाव होने की सूचना पर कई अन्य ग्रामीण भी स्थिति को देखने समझने गए थे लेकिन किसी को भी इसका अंदेशा नहीं था कि पानी का यह रिसाव कई जिंदगियों के लिए काल साबित होगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि पानी का तेज रिसाव होने के बाद बांध की मिट्टी का कटाव होने के साथ ही पानी बांध को बहाने के साथ सात ग्रामीणों की जिंदगी निगल गया।

### पुलिस ने सुलझाई...

से चाकू खरीदकर लाया और शुक्रवार की शाम दोनों माडा में बैठकर नाश्ता किया और अगले दिन ग्राम चपोता छत्तीसगढ़ में जमीन दिखाने के लिए जाना तय हुआ था। 30 अगस्त की सुबह शिवराज को फोन कर गांव सेमरिया में मिलने बुलाया। चपोता रेंट नदी के पुल के पास आए और बाइक को कुछ दूर पहले छोड़ दिया। शिवराज की बाइक से नदी के ऊपर किनारे में पहुंचे। योजना के मुताबिक चाकू से बाइक में बैठे ही मृतक को मारने का प्रयास किया। इसी दौरान शिवराज ने चाकू को पकड़ लिया और छीना झपटी के दौरान चाकू वहीं पर गिर गया जिस पर शिवराज का गला दबाकर हत्या कर दी। शव को घसीट कर छुपाने की नीयत से रेंट नदी के पानी में फेंक दिया था। साथ ही मृतक के पास रखे 50 हजार रुपए लूट कर वापस लौट गया। पुलिस ने आरोपी के पास से लूट की 50 हजार रुपए सहित घटना में शामिल बाइक व कपड़ा को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

